दिन– शुक्रवार दिनांक– 08 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सम्राट मंत्रिमंडल के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा। निशांत कुमार स्वास्थ्य मंत्री बनाये गये। विजय कुमार सिन्हा को कृषि और डॉक्टर दिलीप जायसवाल को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की जिम्मेदारी।

02. उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वित्त, संजय सिंह टाईगर को उच्च शिक्षा और श्रेयसी सिंह को मिली उद्योग तथा खेल विभाग की कमान।

03. रेलवे चालीस वर्ष पुरानी प्रणाली के स्थान पर अगस्त से उन्नत यात्री आरक्षण प्रणाली लागू करेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को उन्नयन सुचारू बनाने के दिए निर्देश।

04. और, पटना के सावन कुमार, भारत और ऑस्टेलिया के बीच खेली जाने वाली अंडर एटीन हॉकी सीरिज के लिए भारतीय टीम में शामिल।

———————————————————————

सम्राट मंत्रिमंडल के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास गृह, सिविल विमानन समेत छह प्रमुख विभाग हैं। इसके अलावा वे सभी विभाग भी मुख्यमंत्री के पास रहेंगे जो किसी को आवंटित नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन और संसदीय कार्य मंत्री तथा बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वित्त और वाणिज्य कर विभाग का मंत्री बनाया गया है। विजय कुमार सिन्हा को कृषि विभाग तथा डॉक्टर दिलीप जायसवाल को राजस्व और भूमि सुधार विभाग सौंपा गया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

मंत्रिमंडल में श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास और सूचना तथा जनसम्पर्क विभाग की कमान सौंपी गयी है। संजय सिंह टाईगर को उच्च शिक्षा और विधि, दामोदर रावत को परिवहन और नीतीश मिश्रा को नगर विकास और आवास तथा सूचना प्रावैधिकी विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। अशोक चौधरी को खाद्य, उपभोक्ता और संरक्षण विभाग, भगवान सिंह कुशवाहा को योजना विकास, अरूण शंकर प्रसाद को श्रम संसाधन, युवा रोजगार और कौशल तथा मदन सहनी को मद्य निषेध और निबंधन विभाग मिला है। वहीं, संतोष कुमार सुमन को लघु जल संसाधन, रत्नेश सादा को आपदा प्रबंधन, कुमार शैलेन्द्र को पथ निर्माण, केदार प्रसाद गुप्ता को पर्यटन और लखेन्द्र रौशन को अनुसूचित जाति एवं अनुसूजित जनजाति कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं, सुनील कुमार को ग्रामीण कार्य विभाग, जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और नंद किशोर राम को डेयरी मत्स्य और पशुपालन संसाधन विभाग सौंपा गया है। मंत्रिमंडल में शामिल नये शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को ऊर्जा, डॉक्टर प्रमोद कुमार को खान एवं भू–तत्व और कला एवं संस्कृति तथा मिथिलेश तिवारी को शिक्षा विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इसके साथ ही रामचन्द्र प्रसाद को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, रामकृपाल यादव को सहकारिता, संजय सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, संजय कुमार को गन्ना उद्योग और दीपक प्रकाश को पंचायती राज विभाग का

मंत्री बनाया गया है। वहीं, मंत्री बनायी गयी पांच महिलाओं में लेसी सिंह को भवन निर्माण, श्रेयसी सिंह को उद्योग और खेल, रमा निषाद को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की कमान दी गयी है जबकि शीला कुमारी को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, तथा श्वेता गुप्ता को समाज कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। समाचार कक्ष से मैं अनुपम कुमार।

मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कुल पैंतीस मंत्री हैं। इनमें भाजपा के सोलह और जदयू के पन्द्रह मंत्री हैं। वहीं, लोक जनशक्त पार्टी, रामविलास से दो, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक–एक मंत्री बनाये गये हैं। मंत्रिमंडल में मिथिला से सात जबकि तिरहुत, मगध और अंग क्षेत्र से छह–छह मंत्रियों को जगह मिली है। वहीं, शाहाबाद से तीन, सीमांचल, कोसी और सारण से दो–दो मंत्री बनाये गये हैं। चौदह जिलों के किसी भी क्षेत्र को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। इस मंत्रिमंडल में मंत्रियों की औसम उम्र पचपन वर्ष है। इनमें सबसे अधिक अस्सी वर्ष के बिजेन्द्र प्रसाद यादव हैं जबकि श्रेयसी सिंह सबसे कम उम्र पैंतीस वर्ष की हैं।

———————————————————————

इस बीच, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का कल विस्तार किया गया। पटना के गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन ने बत्तीस मनोनीत मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इनमें सात नये चेहरों जदयू के निशांत कुमार, श्वेता गुप्ता, शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल और भाजपा के मिथिलेश तिवारी, नंद किशोर राम, कुमार शैलेन्द्र तथा राम चन्द्र प्रसाद को कैबिनेट में शामिल किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, जे.पी. नड्डा, गिरिराज सिंह, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, सतीश चंद्र दूबे और राजभूषण चौधरी निषाद मौजूद रहे। इसके अलावा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने।

———————————————————————

किशनगंज जिले के पोठिया में जल्द ही केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सीआईएसएफ का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र खोला जायेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी है कि प्रशिक्षण केन्द्र के लिए एक सौ दस एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गयी है। इस केन्द्र में एक हजार जवानों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

———————————————————————

राज्य के अंचल कार्यालयों के राजस्व कार्यों की अब प्रतिदिन समीक्षा की जायेगी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि प्रत्येक दिन शाम साढ़े तीन बजे से चार बजे तक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक होगी। बैठक में अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस दौरान ऑनलाईन दाखिल–खारिज और ई–मापी समेत अन्य मामलों की प्रगति की जांच की जायेगी।

———————————————————————

परिवहन विभाग ने वाहनों पर जाति सूचक शब्द लिखने पर जुर्माने का प्रावधान किया है। विभाग ने वाहन मालिकों को एक महीने में ऐसे शब्दों को हटाने के निर्देश दिये हैं। नियम का उल्लंघन करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत दो हजार रूपये तक का जुर्माना लगाया जायेगा।

———————————————————————

देश के न्यायालयों में दर्ज मामलों में आरोप पत्र, चार्जशीट दाखिल करने के मामले में बिहार देशभर में बारहवें स्थान पर है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो –एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार वर्ष दो हजार चौबीस के दौरान राज्य में कुल तीन लाख बावन हजार एक सौ पचपन मामले दर्ज हुए। इसके मुकाबले इक्यासी दशमलव तीन प्रतिशत मामलों में आरोप पत्र दायर किये गये।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा होगा। वहीं, पटना उच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में इस बार लोक अदालत में ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की भी सुनवाई होगी। अदालत में नब्बे दिन पूर्व कटे ट्रैफिक चालान मामलों का निपटारा भी किया जायेगा। इसके साथ ही लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जायेंगे।

———————————————————————

रेल मंत्रालय ने कहा है कि रेलगाड़ियों को उन्नत यात्री आरक्षण प्रणाली में बदलने की प्रक्रिया अगस्त में शुरू हो जाएगी। नई दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलगाडियों को चालीस वर्ष पुरानी आरक्षण प्रणाली से नई प्रणाली में बदलने के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

यह आरक्षण प्रणाली वर्ष 1986 में शुरू की गई और पिछले 40 वर्षों में इसमें कई बदलाव किए गए हैं। अब अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से इसकी क्षमता का व्यापक विस्तार किया गया है। भारतीय रेलवे ने वर्ष 2002 में इंटरनेट आधारित टिकट सेवा शुरू होने के बाद से लगातार डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है। इसी परिवर्तन के अंतर्गत भारतीय रेलवे ने पिछले वर्ष जुलाई में रेल वन मोबाइल ऐप लॉन्च किया था। रेल मंत्रालय ने बताया कि यह ऐप यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हुआ है। रेलवन ऐप में अब एआई आधारित कंफर्मेशन की संभावना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यह नई सुविधा इस साल की शुरुआत से ही लागू की गई है। जिसे लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। इस पर वेटिंग टिकट के कंफर्म होने के अनुमान की सटीकता पहले के 53 प्रतिशत से बढ़कर अब 94 प्रतिशत तक हो गई है। अक्षित कुमार वेद्यान के साथ सौम्य शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————

प्रदेश के दो सौ आठ प्रखंडों के नये डिग्री महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र एक जुलाई से शुरू होगा। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन की ओर से जारी पत्र के अनुसार शुरूआती चरण में इन महाविद्यालयों का अस्थायी संचालन संबंधित जिलों के चिन्हित विद्यालयों में किया जायेगा। इसके लिए किसी प्रकार के अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। विभाग के अनुसार महाविद्यालयों के स्थायी परिसर और भवन का निर्माण भूमि उपलब्ध होने पर चरणबद्ध तरीके से कराया जायेगा।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रहे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के एक वीडियो को फर्जी बताया है। इस वीडियो में श्री जायसवाल को यह कहते हुए दिखाया गया है कि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष में चार राफेल विमान खो दिए। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने स्पष्ट किया है कि यह वीडियो ए.आई से बनाया गया एक डीपफेक है और इसे पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया अकाउंट द्वारा गलत सूचना फैलाने के लिए प्रसारित किया जा रहा है। सरकार ने नागरिकों से इस तरह की सामग्री पर विश्वास न करने और हमेशा सरकारी स्रोतों से इसकी पुष्टि करने का आग्रह किया है।

———————————————————————

पटना के सावन कुमार, भारत और ऑस्टेलिया के बीच खेली जाने वाली अंडर एटीन हॉकी सीरिज के लिए भारतीय टीम में शामिल किये गये हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन पन्द्रह से बीस मई तक मध्य प्रदेश के भोपाल में किया जायेगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने कहा है कि गोलकीपर सावन का भारतीय टीम में चयन होना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

———————————————————————

आई.पी.एल क्रिकेट में आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम साढे सात बजे खेला

जाएगा। वहीं, कल खेले गये मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को नौ रन से हरा दिया।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भाग के जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, किशनगंज, अररिया और सहरसा समेत आस–पास के जिलों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है। विभाग के अनुसार प्रदेश में ग्यारह मई तक आंधी–बारिश की परिस्थितियां बनी रहेंगी। इसके बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की सम्भावना है।

———————————————————————

खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र के गुलेरिया गांव से पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना जिले के पचमहला थाना क्षेत्र की पुलिस ने ठगी करने के आरोप में दो युवकों को दस लाख रूपये नकद के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र के पचौली गांव में पुलिस ने साईबर ठग गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है जबकि गिरोह का मुख्य सरगना मौके से फरार हो गया।

———————————————————————

पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने ग्यारह कारतूस और एक पिस्टल के साथ एक युवक को पकड़ा है।

———————————————————————

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड – सेबी ने निवेशक जोखिम कम करने वाले प्लेटफॉर्म– आई.आर.आर.ए का उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। सेबी ने कहा कि शेयर बाजारों की सिफारिश पर यह फैसला लिया गया, क्योंकि प्लेटफॉर्म की संरचनात्मक रूप से आवश्यकता नहीं रह गई थी। सेबी ने कहा कि अक्टूबर दो हजार तेईस में शुरू किए गए इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल बहुत कम हो रहा था।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के मंत्रियों के शपथ ग्रहण से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने ताजपोशी शीर्षक से लिखा है– निशांत समेत बत्तीस मंत्रियों ने शपथ ली।

दैनिक जागरण इसी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखता है – सम्राट की टीम में डॉक्टर, इंजीनियर और प्रोफेसर समेत कई उद्यमी भी शामिल।

प्रभात खबर ने लिखा है– पश्चिम बंगाल में गवर्नर ने ममता बनर्जी को किया बर्खास्त, विधानसभा भी हुई भंग। आज तय होगा नाम, नये मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कल।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है – फर्जी कागजात पर इंश्योरेंस कम्पनी के दस लाख का गबन, वकील गिरफ्तार।

आज अखबार की सुर्खी है– अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बड़ी सहमति बनी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. सम्राट मंत्रिमंडल के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा। निशांत कुमार स्वास्थ्य मंत्री बनाये गये। विजय कुमार सिन्हा को कृषि और डॉक्टर दिलीप जायसवाल को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की जिम्मेदारी।

02. उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वित्त, संजय सिंह टाईगर को उच्च शिक्षा और श्रेयसी सिंह को मिली उद्योग तथा खेल विभाग की कमान।

03. रेलवे चालीस वर्ष पुरानी प्रणाली के स्थान पर अगस्त से उन्नत यात्री आरक्षण प्रणाली लागू करेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को उन्नयन सुचारू बनाने के दिए निर्देश।

04. और, पटना के सावन कुमार, भारत और ऑस्टेलिया के बीच खेली जाने वाली अंडर एटीन हॉकी सीरिज के लिए भारतीय टीम में शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।